Haryana College Teacher s' Association

(Affiliated to AIFUCTO) | Website : www.hcta.in

Dayanand Malik
President
All India Jat Heroes' Memorial College, Rohtak
Mob. 9813763351, 7988023380
E-mail: malikdayanand03@yahoo.com

Dr. Chand Singh
General Secretary
D.A.V.P.G. College(Lahore),Ambala City
Mob. 9354732700
E-mail : chanddav74@gmail.com

Ref. No. HCTA/08/2020/03

Date 12/8/2020

सेवा में,

श्रीमान कंवरपाल जी

माननीय शिक्षा मंत्री

हरियाणा सरकार, चण्डीगढ

विषय:- अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय के शिक्षकों के लम्बित वेतन बारे।

श्रीमान जी,

जैसा कि सभी को विदित है कि हरियाणा भी महामारी से अछूता नहीं है परन्तु ऐसी विकट स्थिति में भी आपके कुशल नेतृत्व में शिक्षा विभाग निरंतर कार्यरत है। हरियाणा में उच्चतर शिक्षा को नए आयाम देने में अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की अहम भूमिका है। कोरोना महामारी के इस संकट के समय शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित सभी नियमों का पालन करते हुए एडिड कालेजों के शिक्षकों द्वारा आनलाइन क्लास, विभिन्न विषयों पर वेबीनार, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी एवं विभिन्न प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किये गये। हरियाणा कालेज टीचर्स एसोसिएशन के आह्वान पर शिक्षकों द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में लगभग दो करोड़ रुपये की राशि का सहयोग भी किया गया।

हमें ज्ञात है कि महामारी ने पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। जिससे हरियाणा जैसा समृद्ध प्रदेश भी बच नहीं पाया। ऐसी परिस्थिति में हरियाणा के वित्त विभाग द्वारा कर्मचारियों के पदों के अनुसार वेतन की तिथियाँ निर्धारित की गई हैं। जिसके अनुसार सभी सरकारी कर्मचारियों को 20-25 दिन की एक निश्चित अवधि में वेतन मिल जाता है। परन्तु एडिड कालेजों के स्टाफ को मई माह का वेतन भी अभी तक नहीं मिला है। हरियाणा में एडिड कालेजों में पिछले तीन महीने से वेतन न मिलने के कारण स्टाफ को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ रहा है व इस माहौल में अपने आपको असहाय महसूस कर रहा है। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस सम्बन्ध में हस्तक्षेप करके एडिड कालेजों के स्टाफ को शीघ्र एवं नियमित वेतन दिलवाने का कष्ट करें ताकि एडिड कालेजों के स्टाफ को आर्थिक समस्या से मुक्ति मिल सके और स्टाफ अपने निर्धारित कार्यों को निर्बाध रूप से जारी रख सके।

आपके सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन की मंगल कामना के साथ धन्यवाद।

भवदीय Chand

डॉ चाँद सिंह

महासचिव, हरियाणा कालेज टीचर्स एसोसिएशन(HCTA)